प्रेस नोट

जनपद सोनभद्र

दिनांक: 26.04.2026

हाईवे पर सक्रिय डीजल/स्टेपनी टायर चोरी गैंग पर सोनभद्र पुलिस का बड़ा प्रहार

थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 90 लीटर चोरी का डीजल व ट्रकों के स्टेपनी टायर के साथ 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार,

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रावर्ट्सगंज पुलिस द्वारा हाईवे पर सक्रिय डीजल चोरी करने वाले संगठित गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गयी है।

दिनांक 26.04.2026 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में मामूर थी, तभी मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 321/2026 से सम्बन्धित चोरी गया डीजल व अन्य सामान कुछ व्यक्ति टोल प्लाजा के पास झाड़ियों में छिपाकर उसकी खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 15-15 लीटर के 06 प्लास्टिक गैलनों में कुल 90 लीटर चोरी का डीजल, तीन ट्रकों के स्टेपनी टायर तथा 01 अदद ट्रक का टायर बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों के पास से मोबाइल फोन एवं नगद धनराशि भी बरामद हुई।

विवरण पूछताछ- पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हाईवे किनारे खड़े ट्रकों से सुनसान स्थानों पर डीजल चोरी करते हैं तथा उसे स्थानीय बाजार में बेच देते हैं। साथ ही विभिन्न ट्रकों से स्टेपनी टायर चोरी कर अवैध रूप से बेचने का कार्य भी करते हैं। अभियुक्तों ने यह भी बताया कि चोरी के दौरान पकड़े जाने की आशंका होने पर वे पत्थरों से हमला कर मौके से फरार हो जाते थे, जिससे यह गैंग एक खतरनाक एवं संगठित गिरोह के रूप में कार्य कर रहा था। अभियुक्त रमेश केशरी द्वारा चोरी के माल को कम दाम में खरीदकर बाजार में अधिक दाम पर बेचने की बात स्वीकार की गयी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उक्त गिरोह चोरी एवं अवैध खरीद-फरोख्त की श्रृंखला के रूप में कार्यरत था। उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध मु0अ0सं0 321/2026 धारा 307, 317(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत विधिक कार्यवाही करते हुए चालान माननीय न्यायालय किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण—

1. कान्ता पटेल पुत्र त्रिवेणी पटेल निवासी ग्राम लोढ़ी थाना रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 45 वर्ष

2. प्रमोद उर्फ कातिया खरवार पुत्र रमाशंकर खरवार निवासी ग्राम लोढ़ी थाना रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 20 वर्ष

3. रमेश केशरी पुत्र स्व0 जोगेन्द्र शाव निवासी चुर्क बाजार हाल पता घसिया बस्ती के पास थाना रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 50 वर्ष

बरामदगी—

* 06 प्लास्टिक गैलन में कुल 90 लीटर चोरी का डीजल
* 03 ट्रकों के स्टेपनी टायर मय टायर
* 01 अदद टायर
* 01 अदद मोबाइल फोन (रियलमी)
* 01 अदद कीपैड मोबाइल (सैमसंग)
* नगद 2001/- रूपये

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

☐ उ0नि0 उमाशंकर यादव, (चौकी प्रभारी लोढ़ी) थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
☐ उ0नि0 विनोद कुमार यादव (चौकी प्रभारी चुर्क), थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
☐ हे0का0 मुन्ना सिंह यादव, थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
☐ का0 राम सिंह यादव, चौकी चुर्क, थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।